**NAVY CHILDREN SCHOOL, NSB, (VZG)**

Dear Parents 06 Apr 2022

School plays an important role in the overall development of a child and the formative years of a child's life are the most important. It is now that qualities of discipline, honesty, truthfulness are set for life.

It is our endeavour to work towards the holistic development of the child and make him / her a citizen of tomorrow.

**Our Motto for the year AY 2022-23**

**What you do today can improve all your tomorrows**

**- Anonymous**

## I) SCHOOL TIMINGS:

Class I will commence from 11 April 2022. From **11 April 2022 to 22 April 2022,** the Class I students will follow modified routine. Timings will be – **0830 hrs to 1100 hrs.** Parent to pick up and drop the child to the respective class.

From **25 Apr 2022** onwards school timings will be - **0740 hrs to 1350 hrs.**

- **Break timings**

I Break – 1000 hrs – 1015 hrs II Break – 1210 hrs – 1220 hrs

**Class - I** (a) Parents to meet class teachers for section allocation on **11 April 2022** from **0830 hrs to 1030 hrs.**

(b) Bring admission slip on the day of section allocation and write personal details overleaf – Father's name & phone number, Mother's name & phone number, address, mode of transportation.

(c) Bus route and number to be intimated to the class teacher on the day of section allocation. Like wise auto driver's name and number to be intimated **(Mandatory).**

## II) SCHOOL UNIFORM :-

1) Schedule for sale of uniforms for classes LKG to XII as tabulated below.

| Date | Class | Venue | Timings |
|---|---|---|---|
| 04 Apr 22 | IV & V | Secondary wing, NCS, NSB and NCS 104 Area | 1000 – 1700 h<br>Lunch Break : 1330 – 1430 h |
| 05 Apr 22 | II & III | | |
| 06 Apr 22 | I & II | | |
| 07 Apr 22 | LKG & UKG | | |
| 08 Apr 22 | VI to VIII | | |
| 09 Apr 22 | IX to XII | | |

2) **Parents are requested to contact the numbers given below to place their orders for Text Books & Note Books for classes LKG to XII (AY 2022-23).**

(a) Nausena Baugh - Ms Begum (Mob : 9642713297)

## III) BOOKS:-

(a) Details pertaining to list of books is uploaded in **school website www.ncsvizag.edu.in**

(b) All note books and text books are to be neatly labelled with a permanent marker pen mentioning – name, class, section and subject. All books to be submitted to class teacher on 22 April 2022.

(c) All personal items Eg: pencils, erasers, water bottles, colour pencil box are to be labelled with black marker pen. **School is not liable for loss of any article.**

## IV. GENERAL GUDELINES:

(a) Students to carry their Identity Card.

(b) As per NES regulations, students of **Class I** wear **Black Gola Shoes** with **Velcro.**

(c) The skirt of a girl's uniform should be knee length, too long a skirt would hinder the child's movements while she is playing and moving around. **(No divided skirt).**

(d) Fancy jewellery, wrist bands, wrist watches, toys , money, fancy pencil box etc. are not allowed.

(e) No heavy or big ear rings. Only small , light-weight studs are permitted.

(f) Nails should be regularly trimmed and nail polish, mehendi / henna are not permitted.

(g) School belt with loops compulsory.

(h) **Girls to wear navy blue / black tights under the skirt.**

## V) TIME TABLE:

Class timetable to be taken by the parent on the special PTI day.

## VI) DISCIPLINE:

Discipline is an integral part of every child's growing years. It is school endeavour and aim to inculcate core values .

a. In case of irregular attendance or long absence from school without intimation, the nam is likely to be struck off the rolls. Leave applications to be put up to class teacher.

b. Late arrivals will be sent back after three warnings (in case the school bus is late, chi would be excused)

**VII) CO CURRICULAR ACTIVITIES:**

The academic year has many activities and competitions. The list and the schedule of CCA & Sports activities in detail is reflected in the diary. Participation of the child in these activities will help the child in overall development. Parents are requested to take initiative and encourage their wards to participate in maximum number of events.

**VIII) MEETING THE TEACHERS:**

**NOTE–** Parents desirous of meeting teachers should kindly come on the given days only :-

| Days | Timing |
|---|---|
| Every Wednesday | 1400 hrs to 1500 hrs |
| 1st & 5th Saturday | 0830 hrs to 1200 hrs |

**IX) LEAVE:**

**If the child is going on long leave , an application should be submitted to the Headmistress well in advance**. If the child wants leave for 2 or 3 days or has been absent for 2 – 3 days due to some reason, then the same can be entered in the school diary leave section. As per NES Guidebook **75% attendance is mandatory** for transition to the next class.

**X) SNACK TIME:**

The children are required to bring two snack boxes to school as there are two breaks. Parents are requested to give healthy food in the snack box. Avoid giving junk food. Please send a napkin and adequate water also.

**XI) ILLNESS:**

Please do not send a child to school, if unwell. **If a child is suffering from any contagious disease the child will not be allowed to attend classes**. Only on furnishing **fitness certificate** from a doctor will the child be allowed to attend classes.

**XII) PARENT TEACHER INTERACTION (PTI):**

Please attend all the PTIs to know the performance of your child. Parent's help and cooperation is required at all levels. **Orientation programme and Special PTI will be held on 13 April 2022 in respective classrooms at 1100 hrs.**

**XIII) DISPERSAL:**

**Pick up and drop of the student to & fro from the school is not the responsibility of the school.**

- ✓ The parents who wish to pick up their wards from the respective classes are to reach school by 1330 hrs, they have to enter through the Primary Wing small gate only during normal working days.
- ✓ The children travelling by bus will be familiarized with bus line and mustered as per the bus routes ,prior to boarding the bus.
- ✓ The bus pass should be sent daily with the child.

**The school bus is not with school management. Any query related to school buses to be addressed to INS Satvahana.**

Anuradha Mago

(Mrs. Anuradha Mago)
Headmistress
Navy Children School
Primary Wing, NSB

**Countersigned**

Parul Kumar

(Dr Parul Kumar)
Principal
NCS (VZG)

## नेवी चिल्ड्रन स्कूल,नौसेना बाग, विशाखापट्टनम

आदरणीय अभिभावक गण , 06 अप्रैल 2022

स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता करता है | बच्चों के जीवन के आरंभिक वर्ष बहुत महत्त्वपूर्ण होते हैं। इसी आयु में अनुशासन, ईमानदारी, सच्चाई जैसे गुणों का समावेश होता है। हमारा यह प्रयास रहता है कि बच्चों का संपूर्ण विकास हो और वे कल के अच्छे नागरिक बनें।

**निर्धारित वर्ष 2022-23 के लिए हमारा सिद्धांत:**

**आप आज जो भी करते हो, वह आपके आने वाले कल को बेहतर बना सकता है ।**

**I. स्कूल समय:**

- कक्षा प्रथम की शुरुआत **11 अप्रैल 2022** से होगी। **11 अप्रैल 2022** से **22 अप्रैल 2022** तक, कक्षा प्रथम के विद्यार्थी संशोधित दिनचर्या का पालन करेंगें । स्कूल का समय **08:30** बजे से **11:00** बजे तक रहेगा । अभिभावकों को बच्चे को स्वयं ही स्कूल छोड़ना और वापिस ले जाना होगा ।
- **25 अप्रैल 2022 से स्कूल का समय 07:40 बजे से 13:50 बजे तक रहेगा ।**

**अन्तराल का समय:**

- प्रथम अन्तराल - 10: 00 बजे से 10:15 बजे तक
- द्वितीय अन्तराल - 12:10 बजे से 12:20 बजे तक

**प्रथम कक्षा:**

क) दिनांक **11 अप्रैल 2022** को, **08:30** बजे से लेकर **10:30** बजे तक कक्षा वर्ग आबंटन हेतु अभिभावकों को कक्षा अध्यापिका से मिलना होगा ।

ख) वर्ग आबंटन के दिन बच्चे की प्रवेश पर्ची भी साथ में लानी अनिवार्य है व व्यक्तिगत अर्थात् (पिता का नाम व दूरभाष नं॰, माता का नाम व दूरभाष न॰ पता, यातायात का साधन आदि विवरण) पृष्ठ की दूसरी ओर लिखित में देना है ।

ग) वर्ग आबंटन के दिन, अनिवार्य रूप से कक्षा अध्यापिका को बस मार्ग तथा बस नंबर से अवगत कराना होगा। इसी प्रकार ऑटो ड्राइवर का नाम व ऑटो नंबर की सूचना देना भी अनिवार्य है ।

**II. स्कूल वर्दी :-**

क) LKG से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों की स्कूल वर्दी की बिक्री की सारिणी नीचे दी गई है:-

| दिनांक | कक्षा | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 04 अप्रैल 2022 | IV,V | सैकेंडरी विभाग, एन.सी.एस, एन.एस.बी व एन.सी.एस, 104 एरिया | 1000-1700 लंच अंतराल : 1330-1430 |
| 05 अप्रैल 2022 | II,III | | |
| 06 अप्रैल 2022 | I,II | | |
| 07 अप्रैल 2022 | LKG,UKG | | |
| 08 अप्रैल 2022 | VI-VIII | | |
| 09 अप्रैल 2022 | IX-XII | | |

ख) अभिभावकों से अनुरोध है कि LKG से कक्षा 12 तक की कॉपी और पाठ्यपुस्तकों के आर्डर देने के लिए नीचे दिए गए मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करे :-

नौसेना बाग - कुमारी बेगम ( मोबाइल : 9642713297)

**III. पुस्तकें:-**

क) किताबों की लिस्ट से संबंधित सभी जानकारी स्कूल की वेबसाइट www.ncsvizag.edu.in पर उपलब्ध है।

ख) सभी नोटबुक और पाठ्यपुस्तकों पर स्थायी मार्कर पेन के द्वारा बच्चे का नाम, कक्षा , वर्ग और विषय लिखना आवश्यक है। दिनांक 22 अप्रैल 2022 तक सभी पुस्तकें कक्षा अध्यापिका के पास जमा करनी हैं।

ग) सभी निज़ी सामान जैसे-पेंसिल, रबड़ ,पानी की बोतल ,रंगीन पेंसिल बॉक्स पर काले मार्कर पेन से नाम अवश्य

IV. **सामान्य निर्देशः-**

क) विद्यार्थियों को रोज़ अपना पहचान-पत्र लाना अनिवार्य है ।

ख) नेवल शिक्षा समिति (NES) नियमानुसार, कक्षा प्रथम के विद्यार्थी को **वेल्क्रो सहित काले गोला जूते** पहनना अनिवार्य है ।

ग) छात्राओं के लिए स्कर्ट की लम्बाई घुटनों तक होनी चाहिए, आवश्यकता से अधिक लंबी स्कर्ट पहनने पर बच्चे को खेलने व घूमने में परेशानी होती है । **(विभाजित स्कर्ट पहनने की अनुमति नहीं है)**

घ) चमकदार आभूषण, कलाई घड़ी और बैण्ड, खिलौने, पैसे, फैन्सी और महँगे पेंसिल बॉक्स आदि लाना वर्जित है।

ङ) छात्राओं के लिए हल्की व छोटी कान की बालियाँ पहनने की अनुमति है।

च) नियमित तौर से नाखूनों की छंटनी होनी चाहिए और नाखूनों पर रंग, मेहँदी लगाना वर्जित है।

छ) लूप के साथ स्कूल बैल्ट पहनना अनिवार्य है।

ज) **छात्राओं को स्कर्ट के नीचे नीली या काले रंग की टाइट्स पहनना अनिवार्य है ।**

V. **समय –सारिणी** :-

विशेष पी.टी.आई वाले दिन अभिभावकों को कक्षा की समय –सारिणी दी जाएगी ।

VI. **अनुशासन** :-

**सभी बच्चों के प्रगतिशील वर्षो में अनुशासन एक अविभाज्य अंश है। विद्यालय का यह प्रयास और लक्ष्य सर्वदा रहता है कि बच्चों में बुनियादी मूल्यों का समावेश हो ।**

क) बिना स्कूल को सूचित किए, अनियमित अवकाश और लंबी अनुपस्थिति होने पर बच्चे का नाम नामावली से काट दिया जाएगा। अवकाश लेने से पहले अवकाश प्रार्थना पत्र कक्षा अध्यापिका को देना अनिवार्य है ।

ख) तीन चेतावनियों के बाद स्कूल में विलंब से आने पर घर वापिस भेज दिया जाएगा । (बस के विलंब होने पर बच्चे को स्कूल आने की अनुमति दी जाएगी)

ग) प्राथमिक विभाग के बच्चों का साइकिल चलाकर स्कूल आना वर्जित है।

VII. **सहगामी क्रियाएँ:**

शैक्षणिक सत्र के दौरान बहुत-सी क्रियाएँ और प्रतियोगिताएँ होती हैं। सी.सी.ए.और खेल क्रियाएँ संबंधी सूची तथा समय सारिणी का विवरण डायरी में संकलित है। विद्यार्थियों का इन सभी क्रियाओं में भाग लेना, उनके संपूर्ण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे कृपया ध्यानपूर्वक से पढ़ें और पहल कर बच्चों को सभी क्रियाकलापों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें ।

VIII. **शिक्षकों से मीटिंग:**

**नोट** - निम्न समय सारिणी के अनुसार, इच्छुक अभिभावक शिक्षकों से मिल सकेंगे –

| दिन | समय |
|---|---|
| प्रत्येक बुधवार | 02.00 से 3.00 तक |
| पहला और पाँचवाँ शनिवार | 08.30 से 12.00 तक |

IX. **अवकाशः**

**यदि कोई बच्चा लंबे अवकाश के लिए जा रहा है, तो इसके लिए अवकाश प्रार्थना पत्र मुख्याध्यापिका को अग्रिम रुप से जमा कराना होगा** । यदि किसी कारणवश विद्यार्थी दो या तीन दिन का अवकाश लेता है या अनुपस्थित रहता है, तो स्कूल डायरी के अवकाश अनुभाग के अन्तर्गत लिखित रुप से कक्षा अध्यापिका को सूचित करना अनिवार्य है। एन.ई.एस. की दिशा निर्देशिका पुस्तिका के अनुसार आगामी कक्षाओं में प्रोन्नत होने हेतु **75% उपस्थिति अनिवार्य है ।**

X. **नाश्ते का समयः**

स्कूल समय सारिणी अनुसार - दो अंतराल हैं। बच्चों को स्कूल में दो टिफ़िन बॉक्स लेकर आने हैं। अभिभावकों से अनुरोध है कि बच्चों को टिफ़िन में संतुलित भोजन दिया जाए। जंकफूड से बचें और खाने के साथ नैपकिन और पर्याप्त

XI. **बीमारी:**

बच्चे के अस्वस्थ होने पर स्कूल न भेजें। **यदि बच्चा किसी संक्रमण बीमारी से ग्रसित है, तो उसकी कक्षा में उपस्थिति वर्जित है।** केवल डॉक्टर द्वारा प्रस्तुत **फिटनैस सर्टिफिकेट** जमा करने पर ही बच्चे को कक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

XII. **अभिभावक-शिक्षक संवाद (पी.टी.आई.)**

अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चे के प्रदर्शन की जानकारी हेतु कृपया सभी पी.टी.आई. में उपस्थित हों। प्रत्येक स्तर पर अभिभावकों की मदद व सहयोग की आवश्यकता होगी। **उन्मुखीकरण कार्यक्रम व विशेष पी.टी.आई दिनांक 13 अप्रैल 2022 को आयोजित की जाएगी।**

XIII. **प्रस्थानः**

**विद्यार्थियों का स्कूल में लाना और छोड़ना स्कूल की जिम्मेदारी नहीं है।**

- ✓ जो अभिभावक अपने बच्चों को स्वयं स्कूल से ले जाने के इच्छुक हैं, तो कृपया वे 13:30 बजे पहुँचकर, प्राथमिक विभाग के छोटे द्वार से प्रवेश कर उनकी कक्षाओं से अपने बच्चों को ले जाएँ।
- ✓ बस से आवागमन करने वाले बच्चों को उनके निर्धारित बस मार्ग की बस पंक्ति से अवगत होना होगा।
- ✓ प्रतिदिन बस संबंधी पहचान—पत्र बच्चे के साथ भेजना आवश्यक है।

**स्कूल बस स्कूल प्रबंधन से संबंधित नहीं है। स्कूल संबधी बस जानकारी हेतु कृपया आई.एन.एस.सातवाहना से संपर्क करें।**

Anuradha Mago

(श्रीमती अनुराधा मागो)

मुस्य अध्यापिका

नेवी चिल्ड्रन स्कूल

प्राथमिकविभाग,नौसेना बाग

**प्रतिहस्ताक्षरित**

पारुल कुमार

(डॉ. पारुल कुमार)

प्रिंसिपल

एन.सी.एस(विशाखापट्टनम)